ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर आधारित

वार्षिक परीक्षा

समय : 3.00 घंटे　　　　कक्षा–9　　　　पूर्णांक : 20+50=70

विषय–सामाजिक विज्ञान

नोट : (क) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है।

(ख) खण्ड 'क' में बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

(ग) बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर OMR शीट पर तथा वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका पर दीजिए।

खण्ड–'क' [बहुविकल्पीय प्रश्न]

निर्देश : सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं। 20

1. मासाई मारा राष्ट्रीय पार्क में स्थित है–
   (a) तंजानिया　　(b) केन्या
   (c) सूडान　　(d) दक्षिण अफ्रीका

2. 'धंगड़' किस राज्य का एक महत्वपूर्ण चरवाहा समुदाय है–
   (a) हिमाचल प्रदेश　　(b) महाराष्ट्र
   (c) जम्मू व कश्मीर　　(d) राजस्थान

3. पादप भिन्नता में भारत का विश्व में कौन–सा स्थान है–
   (a) पाँचवा　　(b) चौथा
   (c) छठा　　(d) दसवाँ

4. रायल बंगाल टाइगर कहाँ पाए जाते हैं–
   (a) मैंग्रोव वनों मे　　(b) पर्वतीय वनों में
   (c) कँटीले वनों में　　(d) उष्णकटिबन्धीय सदाबहार

5. किस पौधे की कलियाँ व जड़े पाचन समस्याओं में लाभदायक हैं–
   (a) कचनार　　(b) जामुन
   (c) अर्जुन　　(d) नीम

6. भारत के किस राज्य की जनसंख्या सर्वाधिक है–
   (a) गुजरात　　(b) राजस्थान
   (c) उत्तर प्रदेश　　(d) महाराष्ट्र

7. क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन–सा राज्य सबसे बड़ा है–
   (a) गुजरात　　(b) राजस्थान
   (c) ओडिशा　　(d) महाराष्ट्र

8. भारत सरकार द्वार विस्तृत परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरूआत कब की गई ?
   (a) 1952 में　　(b) 1956 में
   (c) 1955 में　　(d) 1954 में

9. आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग हेतु कितना आरक्षण किया गया?

(a) 22% (b) 24%

(c) 25% (d) 27%

10. राष्ट्रपति को शपथ कौन दिलाता है–

(a) प्रधानमंत्री (b) भारत का मुख्य न्यायाधीश

(c) उपराष्ट्रपति (d) वित्त मंत्री

11. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब हुई–

(a) 1991 (b) 1992

(c) 1993 (d) 1994

12. कोसोवो पुराने किस देश का प्रांत था–

(a) यूगोस्लाविया (b) ईरान

(c) पुर्तगाल (d) स्पेन

13. गिरफ्तार या हिरासत में लिये गये व्यक्ति को सबसे निकट के मजिस्ट्रेट के सामने गिरफ्तारी के कितने घंटों के अंदर प्रस्तुत करना पड़ता है–

(a) 21 घंटे (b) 22 घंटे

(c) 23 घंटे (d) 24 घंटे

14. राष्ट्रीय काम के बदले अनाज कार्यक्रम कब लागू किया गया?

(a) 14 नवम्बर 2006 में (b) 24 जून 2004

(c) 14 नवम्बर 2004 (d) 1 जनवरी 2002

15. ए0 ए0 वाई0 का पूरा नाम है–

(a) अमूल अन्न योजना (b) अंत्योदय अन्न योजना

(c) अन्नपूर्णा अन्न योजना (d) अकेडमी अन्न योजना

16. भारत में 1943 में सबसे भयानक अकाल कौन–सा था–

(a) बंगाल का अकाल (b) पंजाब का अकाल

(c) तमिलनाडु का अकाल (d) आंध्र प्रदेश का अकाल

17. प्रत्यक्षकर को किस नाम से जाना जाता था–

(a) लिव्रे (b) टाइथ

(c) टाइल (d) आयकर

18. 'द स्पिरिट ऑफ लॉज' का लेखक कौन है–

(a) जॉन लॉक (b) रूसो

(c) मॉण्टेस्क्यू (d) कार्ल मार्क्स

19. नेपोलियन बोनापार्ट कहाँ पराजित हुआ–

(a) प्रशिया में (b) आस्ट्रिया में

(c) वाटरलू में (d) इनमें से कोई नहीं

20. दूसरा विश्वयुद्ध कब समाप्त हुआ—

(a) 11 जून 1945 में

(b) 9 मई 1945 में

(c) 9 मई 1944 में

(d) 9 जून 1945 में

खण्ड—ख : वर्णनात्मक प्रश्न

[लघु उत्तरीय प्रश्न]

21. लोकसभा, राज्यसभा की अपेक्षा क्यों शक्तिशाली है? 4

अथवा

शोषण के विरूद्ध अधिकारों पर प्रकाश डालिए।

22. अकाल से आप क्या समझते हैं? 4

अथवा

भारत में लोगों के स्वास्थ्य स्तर में क्या सुधार हुए हैं?

23. खाद्य सुरक्षा का क्या अर्थ है? खाद्य सुरक्षा के कितने आयात हैं? 4

अथवा

भुखमरी से आप क्या समझते हैं? भारत में भुखमरी के कितने प्रकार हैं?

24. सरकार द्वारा वनस्पति एवं प्राणी जगत की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? 4

अथवा

आरक्षित वनों एवं संरक्षित वनों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

[दीर्घ उत्तरीय प्रश्न]

25. अफ्रीका में चरवाही पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए। 6

अथवा

समानता के अधिकार पर प्रकाश डालिए।

26. न्यायपालिका के विषय में आप क्या जानते हैं? 6

अथवा

राष्ट्रपति के निर्वाचन व उसकी शक्तियों को समझाइये।

27. हिन्द महासागर में भारत की केन्द्रीय स्थिति से इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है? 6

अथवा

भौतिक पूँजी एवं मानव पूँजी में क्या अंतर है?

28. भारत में खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाती है? 6

अथवा

भारत के संविधान के निर्देश मूल्य कौन—से हैं? विस्तार सहित लिखिए।

[मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न]

29. (अ) भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए। 5

(क) उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन

(ख) पर्वतीय वन

(ग) बंगाल की खाड़ी

(घ) भूटान

(ङ) नेपाल

(ब) भारत के दिए गए मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए। 5

(क) भारत के पश्चिमी घाट से पूर्वी घाट तक बहने वाली एक नदी का नाम 〜 चिन्ह द्वारा दर्शाएँ।

(ख) राजस्थान के मुरुस्थल का नाम लिखकर ⧄ चिह्न द्वारा दर्शाएँ।

(ग) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक बन्दरगाह ◉ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाएँ।

(घ) उत्तर प्रदेश की राजधानी ● चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाएँ।

(ङ) गुजरात में स्थित खाड़ी का नाम ▭▭▭ चिह्न सहित दर्शाएँ।